प्रेस विज्ञप्ति 20.07.2023

## इंडियन बैंक "संसाधन अर्जन केंद्र" का शुभारम्भ

*- जमा आधार को सशक्त बनाने के लिए समर्पित संगठनात्मक संरचना*

**मुंबई, 20 जुलाई, 2023:** देश के 7वें सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, इंडियन बैंक ने अपने जमा कारोबार संविभाग को सशक्त बनाने की दिशा में कारोबार की समर्पित इकाई, **"संसाधन अर्जन केंद्र" (आरएसी)** की अवधारणा की शुरुआत के साथ एक महत्वपूर्ण कार्यनीतिगत कदम उठाया है। प्रथम संसाधन अर्जन केंद्र का उद्घाटन समारोह **20 जुलाई 2023 को मुंबई** (दक्षिण) में **श्री. महेश कुमार बजाज, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक** और श्री. एस एस पी रॉय, क्षेत्र महाप्रबंधक, मुंबई की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैंक ने अपने जमा संविभाग को सशक्त बनाने के लिए प्रथम चरण में अल्ट्रा पोटेंशियल केंद्रों पर 20 आरएसी खोलने की योजना बनाई है।

इस नई पहल का प्राथमिक उद्देश्य खुदरा जमा संविभाग को सुदृढ़ करना है, जिसमें चालू जमा, बचत बैंक और मीयादी जमा खाते शामिल हैं। इस संसाधन अर्जन केंद्र की टीम से रिलेशनशिप बैंकिंग की अवधारणा को बल मिलेगा, जिसका लक्ष्य संभावित नए हाई वैल्यू ग्राहकों को आकर्षित करने के साथ-साथ मौजूदा ग्राहक संबंधों को सुदृढ़ करना है। बैंक का फोकस विशिष्ट ग्राहक वर्गों सहित एचएनआई, सरकारी/संस्थागत ग्राहक, वेतनभोगी वर्ग, कॉर्पोरेट, व्यावसायिक समुदाय, व्यापारी और पेंशनभोगियों पर केंद्रित है।

**श्री. बजाज** ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि "बैंक के ग्राहक बैंक की प्रमुख शक्ति है, और इंडियन बैंक अपने सम्मानित ग्राहकों को सर्वोत्तम उत्पाद और सेवाएँ प्रदान कर ग्राहक-केंद्रित पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संसाधान अर्जन केंद्र की शुरूआत होने से मौजूदा और संभावित नए हाई वैल्यू ग्राहकों को सुदृढ़ रिलेशनशिप बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर नये आयाम के साथ परिणाम मिलने की उम्मीद है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रोएक्टिव, रिस्पॉन्सिव और डिजिटली एम्पावर्ड रिलेशनशिप मैनेजर्स की समर्पित टीम अवश्य ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।''

इसके अलावा, उन्होंने बैंक के परिवर्तन रोडमैप पर बल दिया, जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, अग्रणी और अनुकूलित उत्पादों / प्रक्रियाओं के आधार स्तंभों को मजबूत करने और रिलेशनशिप बैंकिंग के माध्यम से सुखद ग्राहक अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है।

**श्रीमती. एम. उमा, अंचल प्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक, मुंबई दक्षिण अंचल; श्री. राजेश मुंदड़ा, उप महाप्रबंधक, एफजीएम कार्यालय, मुंबई,** और **सुश्री. सीमिता एस. दास, एजीएम, आरएसी, मुंबई (दक्षिण) भी इस अवसर पर उपस्थित थे।**

संसाधन अर्जन केंद्र शुरू करने की इंडियन बैंक की पहल, वित्तीय क्षेत्र में अपनी स्थिति को और सशक्त बनाने और ग्राहकों के साथ अपने संबंध को सुदृढ़ करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नवोन्मेष को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव को बेहतर करने और बैंक के जमा आधार को सुदृढ़ बनाने में संसाधन अर्जन केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।